फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

रामराज पिता उदा मीणा नि. धौड

बनाम

हरजी पिता हजारी कुम्हार नि. धौड वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 632/2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
25.10.21	प्रार्थना पत्र प्रशासन गॉवों के संग अभियान में पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम धौड प. ह. धौड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 837 रकबा 0.3237 है. एवं ग्राम राजपुरा प. ह. धौड आ.न. 222 रकबा 0.4128 है. स्थित है। उक्त वर्णित कृषि आराजी के अप्रार्थीगण पडौसीगण है जो कि प्रार्थी के साथ सीमा को लेकर आये दिन विवाद करते रहते है। अप्रार्थीगण खूंखार एवं लडाकू प्रवृत्ति के व्यक्ति है। प्रार्थी गरीब काश्तकार हैं अप्रार्थीगण प्रार्थी की आराजी पर जबरन कब्जा करना चाहते है। एवं प्रार्थी द्वारा अपने खेत की मेर आदि की घास फसल आदि काटते समय लडाइ झगडा करते को आमादा होते है। अतः पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2076 से 2079 तक के अवलोकन से पत्थरगढी किये जाने वाली भूमि प्रार्थी के स्वामित्व की हैं। पडोसियान के विवाद करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि भूमि ग्राम धौड प. ह. धौड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 837 रकबा 0.3237 है. एवं ग्राम राजपुरा प. ह. धौड आ.न. 222 रकबा 0.4128 है. की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक शक्करगढ को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500– रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शिघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 25.10.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर(भीलवाडा)	

Scanned with CamScanner